Regarding menace of stray dogs in Punjab-laid

श्री शेर सिंह घुबाया **(**फिरोज़पुर**) :** पंजाब राज्य में हिंसक कुत्तों का बड़ा आतंक है, कई ऐसी घटनाएं सामने आई है, जिसमें छोटे बच्चों को कुत्तों ने मार कर खा लिया है, ऐसी कई घटनाएं पंजाब में घटी हैं, जो दिल को दहला रही है । पशुओं पर क्रूरता कानून के अंतर्गत सरकार इन आवारा कुत्तो पर नियंत्रण लगाने में असमर्थ है, कई माताओं ने अपने नवजातों को खो दिया है जो बहुत ही पीड़ा दायक है । मैं स्वयं भी चाहता हूं कि पशुओं पर कोई भी क्रूरता ना हो लेकिन इस तरह के हिंसक पशुओं पर नियंत्रण किये जाने के लिए कोई आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए! अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि इस मामले में कोई बीच का रास्ता निकाला जाए जिससे किसी पशु पर कोई क्रूरता ना हो और मानव की रक्षा हो सके ।